## कार्यपत्र-17

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) क्रियाविशेषण अव्यय किसकी विशेषता बताते हैं? (i) क्रिया की ✓

(ख) इनमें संबंधबोधक अव्यय शब्द कौन-सा है? (ii) के ऊपर ✓

(ग) 'वह धीरे-धीरे चल रहा था।' – वाक्य में से अव्यय शब्द छाँटिए। (iii) धीरे-धीरे ✓

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में निपात का प्रयोग हुआ है? (iv) मैं भी उसके साथ जाऊँगा। ✓

(ङ) इनमें समुच्चयबोधक अव्यय शब्द पहचानिए। (ii) लेकिन ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) जिन शब्दों का वाक्य में प्रयोग करने पर लिंग, वचन, पुरुष, काल आदि की दृष्टि से रूप नहीं बदलता, उन्हें अव्यय शब्द कहते हैं। अव्यय शब्दों के पाँच भेद हैं–

1. क्रियाविशेषण 2. संबंधबोधक 3. समुच्चयबोधक 4. विस्मयादिबोधक 5. निपात

(ख) क्रियाविशेषण के चार भेद हैं–

1. कालवाचक क्रियाविशेषण – मैं प्रातः जल्दी उठती हूँ।
2. स्थानवाचक क्रियाविशेषण – वह इधर आ रहा है।
3. रीतिवाचक क्रियाविशेषण – वह अचानक गिर पड़ा।
4. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण – तुम कम खाते हो।

(ग) ऐसे शब्द जो दो शब्दों, वाक्यांशों और वाक्यों को जोड़ते हैं, वे समुच्चयबोधक कहलाते हैं।

जैसे– मुझे शिमला जाना था परंतु मैं जा न सका।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय-भेद बताइए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वह हमेशा मीठा बोलती है। | कालवाचक क्रियाविशेषण |
| (ख) | सरोज गाँव गई है क्योंकि उसकी माँ बीमार है। | समुच्चयबोधक |
| (ग) | अरे वाह! तुमने तो बहुत अच्छा चित्र बनाया है। | विस्मयादिबोधक |
| (घ) | उसे ही यहाँ बुलाओ। | निपात |
| (ङ) | संचित अपने भाई के साथ पार्क गया है। | संबंधबोधक |

**4. निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अचानक | शेर अचानक गाड़ी के सामने आ गया। |
| (ख) | के सहारे | वह सीढ़ियों के सहारे ऊपर चढ़ गया। |
| (ग) | इसलिए | मुझे दफ़्तर जाना था इसलिए तुमसे मिल नहीं पाया। |
| (घ) | सावधान! | सावधान! आगे सड़क खराब है। |
| (ङ) | मात्र | उसे मात्र 10 रुपए चाहिए थे। |

**5. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अव्यय शब्द से कीजिए।**

(क) तुम्हें **तुरंत** वहाँ पहुँचना चाहिए। (तुरंत/खूब)

(ख) वह खाना खाने **के बाद** बाज़ार जाएगा। (के साथ/के बाद)

(ग) वह गाँव जाना चाहता था **लेकिन** जा न सका। (क्योंकि/लेकिन)

(घ) **बाप रे!** इतना लंबा साँप। (बाप रे!/क्या खूब!)